पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से भेंट कर सरकार बनाने का दावा पेश किया

लखनऊः 24 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट कर बताया कि आज 24 मार्च, 2022 को लोकभवन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर श्री योगी आदित्यनाथ को भारतीय जनता पार्टी का विधायक दल का नेता चुना गया है। पत्र में यह भी आग्रह किया गया है कि उक्त विषय के परिप्रेक्ष्य में श्री योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में एवं उनके मंत्रिमण्डल के शपथ ग्रहण हेतु आवश्यक निर्देश जारी किये जाये।

राज्यपाल ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुये 25 मार्च, 2022 बजे अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा है। राज्यपाल ने उनसे यह भी अनुरोध किया है कि अपने प्रस्तावित मंत्रिमण्डल के सहयोगियों को शपथ दिलाने हेतु उनकी सूची भी प्रस्तुत करें ताकि 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 164(1) के तारतम्य में शपथ दिलायी जा सके।

तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता श्री योगी आदित्यनाथ जी ने भी राज्यपाल जी से शिष्टाचार भेंट की तथा राज्यपाल जी ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया।

इस अवसर पर बी0जे0पी0 के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राधा मोहन, श्री केशव प्रसाद मौर्य, डा0 दिनेश शर्मा, श्री सुरेश खन्ना, श्री रघुवर दास, श्री आशीष पटेल (अपना दल) आदि उपस्थित थे।

———

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (176/30)
सम्पर्क सूत्र 9453005360